भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 986**

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

**उत्तर प्रदेश में राजमार्ग**

986 श्री मलूक नागर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में निर्मित नए राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ख) राजमार्गों की लंबाई और उस पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में प्रस्तावित नए राजमार्गों की संख्या और उक्त संबंध में प्रस्तावित बजटीय आवंटन का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) इस मंत्रालय को राज्यीय राजमार्गों सहित राज्यीय सड़कों की नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषणा/उन्नयन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा संबंधी मानदंडों को पूरा करने, सड़क संपर्क की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर राज्य राजमार्गों सहित कुछ राज्यीय सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषणा पर विचार करता है।

पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23) के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में 923 किलोमीटर लंबाई में राज्य राजमार्ग और ग्रीनफील्ड संरेखण सहित लगभग 14 राज्यीय सड़कों को नए एनएच के रूप में अधिसूचित किया गया था।

पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में नए अधिसूचित राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों की लगभग 3,959 किलोमीटर लंबाई विकसित/निर्मित की गई और लगभग 83,755 करोड़ रुपये कुल व्यय हुआ।

(ग) नए अधिसूचित राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और अनुरक्षण एक सतत् प्रक्रिया है और तदनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखने के लिए कार्य पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात घनत्व और धनराशि की उपलब्धता को ध्यान में रखकर किया जाता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान नए अधिसूचित राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास/निर्माण के लक्ष्यों और दिसंबर, 2023 तक की उपलब्धियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

वर्ष 2023-24 (दिसंबर, 2023 तक) के दौरान नए अधिसूचित राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों पर व्यय का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/एजेंसी-वार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**'उत्तर प्रदेश में राजमार्ग' के संबंध में श्री मलूक नागर द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 986 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

2023-24 के दौरान नए अधिसूचित एनएच सहित एनएच के विकास/निर्माण के लक्ष्यों और दिसंबर, 2023 तक की उपलब्धियों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण:

| **क्र. सं.** | **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश** | **लक्ष्य वित्त वर्ष-2023-24 (किमी में)** | **उपलब्धि (किमी में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 728 | 375 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 351 | 192 |
| 3 | असम | 527 | 106 |
| 4 | बिहार | 697 | 198 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 252 | 161 |
| 6 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 0 | 0 |
| 8 | गोवा | 11 | 7 |
| 9 | गुजरात | 571 | 224 |
| 10 | हरियाणा | 314 | 144 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 225 | 125 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 269 | 129 |
| 13 | झारखंड | 258 | 117 |
| 14 | कर्नाटक | 823 | 372 |
| 15 | केरल | 259 | 44 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 676 | 346 |
| 17 | महाराष्ट्र | 1866 | 854 |
| 18 | मणिपुर | 399 | 59 |
| 19 | मेघालय | 239 | 58 |
| 20 | मिजोरम | 298 | 96 |
| 21 | नागालैंड | 233 | 57 |
| 22 | ओडिशा | 377 | 129 |
| 23 | पुडुचेरी | 0 | 0 |
| 24 | पंजाब | 386 | 158 |
| 25 | राजस्थान | 749 | 550 |
| 26 | सिक्किम | 170 | 37 |
| 27 | तमिलनाडु | 728 | 476 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | तेलंगाना | 496 | 289 |
| 29 | त्रिपुरा | 118 | 29 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 1120 | 541 |
| 31 | उत्तराखंड | 284 | 105 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 181 | 134 |
| 33 | दिल्ली | 35 | 20 |
| 34 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 16 | 6 |
| 35 | लद्दाख | 157 | 76 |
| **कुल योग** | | **13,814** | **6,216** |

**अनुबंध-II**

**'उत्तर प्रदेश में राजमार्ग' के संबंध में श्री मलूक नागर द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 986 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

2023-24 (दिसंबर, 2023 तक) के दौरान नए अधिसूचित एनएच सहित एनएच कार्यों पर व्यय का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/एजेंसी-वार विवरण:
एनएच के विकास के लिए व्यय विभिन्न एजेंसियों जैसे एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल, बीआरओ, एनएचएलएमएल और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा किया जाता है।

राज्य सरकारों के माध्यम से निष्पादित किए जा रहे कार्यों के लिए, चालू वर्ष 2023-24 (दिसंबर, 2023 तक) के दौरान एनएच के विकास के लिए आवंटित धनराशि और किए गए व्यय/जारी की गई धनराशि का विवरण:-

| | | | धनराशि करोड़ रुपये में |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | 2023-24 (31.12.2023 तक) | |
| | | आवंटन | व्यय |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3,208 | 2,510 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 520 | 520 |
| 3 | असम | 350 | 266 |
| 4 | बिहार | 2,193 | 1,332 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1,018 | 938 |
| 6 | गोवा | 800 | 430 |
| 7 | गुजरात | 600 | 392 |
| 8 | हरियाणा | 300 | 172 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 751 | 537 |
| 10 | झारखंड | 400 | 258 |
| 11 | कर्नाटक | 2,095 | 1,384 |
| 12 | केरल | 200 | 79 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1,070 | 748 |
| 14 | महाराष्ट्र | 4,875 | 3,811 |
| 15 | मणिपुर | 50 | 19 |
| 16 | मेघालय | 100 | 80 |
| 17 | मिजोरम | 45 | 37 |
| 18 | नागालैंड | 255 | 180 |
| 19 | ओडिशा | 1,149 | 675 |
| 20 | पंजाब | 730 | 189 |
| 21 | राजस्थान | 1,840 | 1,260 |
| 22 | सिक्किम | 201 | 73 |
| 23 | तमिलनाडु | 1,000 | 863 |
| 24 | तेलंगाना | 1,806 | 1,219 |
| 25 | त्रिपुरा | 56 | 44 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 5,179 | 4,038 |
| 27 | उत्तराखंड | 979 | 572 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | पश्चिम बंगाल | 1,033 | 606 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 | 0 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली | 30 | 2 |
| 32 | दमन और दीव | | |
| 33 | दिल्ली | 83 | 76 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 1,500 | 923 |
| 35 | लद्दाख | 100 | 17 |
| 36 | पुडुचेरी | 25 | 25 |

चालू वर्ष 2023-24 (दिसंबर, 2023 तक) के दौरान एनएच के विकास के लिए एजेंसियों (राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा)/योजनाओं के तहत आवंटित धनराशि और किए गए व्यय/जारी किए गए धन का विवरण:-

| **क्र.सं.** | **योजना/एजेंसी** | **2023-24 (31.12.2023 तक)** | |
|---|---|---|---|
| | | **आवंटन (करोड़ रुपये में)** | **जारी की गई निधि/व्यय (करोड़ रुपये में)** |
| 1 | एनएचएआई निवेश | 127,000 | 127,000 |
| 2 | टोल विप्रेषित धन - एनएचएआई | 20,807 | 20,807 |
| 3 | एनएच (मूल) - एनएचएआई | 16,750 | 16,750 |
| 4 | एनएच का मुद्रीकरण - टीओटी - एनएचएआई | 0 | 0 |
| 5 | एनएच (मूल) - एनएचआईडीसीएल | 10,100 | 10,100 |
| 6 | अरुणाचल पैकेज सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम (एसएआरडीपी-एनई) | 4,610 | 2,651 |
| 7 | विजयवाड़ा-रांची सड़क के विकास सहित वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र (एलडब्ल्यूई) में सड़कों के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम | 285 | 166 |
| 8 | बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं - मुख्यालय, एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल | 2,010 | 2,010 |
| 9 | भारतमाला - बीआरओ, एनएचआईडीसीएल, एनएचएआई | 10,700 | 10,700 |
| 10 | एनएचएलएमएल (एमएमएलपीएस और पत्तन संपर्कता परियोजनाओं के लिए) | 400 | 400 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | अन्य मंत्रालय (रेलवे / बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग) | 33 | 33 |
| 12 | सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) | 0 | 0 |
| | अन्य संसाधन | | |
| 1 | आईईबीआर/एनएचएआई द्वारा ऋण | 0 | 0 |
| 2 | एनएचएआई द्वारा परियोजना आधारित वित्तपोषण | 7,000 | 3,000 |
| 3 | एनएचएआई द्वारा इनविट | 10,000 | 0 |

******